पंजाब केसरी 16/02/2025



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित महिला बैडमिंटन स्पर्धा की विजेताओं को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

# जी.एम.एन. कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग ने करवाई बैडमिंटन प्रतियोगिता

अम्बाला, 15 फरवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज ऑडिटोरियम में पुरुष और महिला विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 32 खिलाड़ियों (16 लड़कियां और 16 लड़के) ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

महिला बैडमिंटन स्पर्धा में बी.कॉम द्वितीय वर्ष की आकांक्षा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.कॉम द्वितीय वर्ष की अंकिता ने द्वितीय स्थान और एम.ए. पॉलिटिकल साइंस प्रथम वर्ष की कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष बैडमिंटन स्पर्धा में बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष के रोशन राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष के गोरंश लाम्बा ने द्वितीय स्थान तथा बी.कॉम अंतिम वर्ष के छात्र मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन को भी बढ़ावा देते हैं। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षा विभाग के संयोजक बृजेश कुमार ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालित किया।

कार्यक्रम में डा. एस.एस. नैन, डा. एस.के. पांडेय, डा. राजेंद्र देशवाल, डा. अनुराधा और प्रो. तृप्ति शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।